यौनकिता के बारे में कैसे बात करें?

शरीर अपना
अधिकार अपने: 2.0

जब यौनिकता के बारे में बातचीत होता है, तो हम अक्सर चर्चा या सवालों से बचते हैं। युवा के रुप में, हम अक्सर यह पाते हैं कि माता- पिता या अपने से बड़ो के साथ सेक्स के बारे में बातचीत करना हमारे लिए शर्मनाक होता है या बेहद नकारात्मक अनुभव होता है।

लेकिन अगर आप सेक्स और यौनिकता के बारे में बातचीत करना मना करते हैं, तो ना ही युवाओं को इस बारे में बात करने से रोकता है, ना ही उनकी उत्सुकता को कम करता है! यह हमें हानिकारक गलत सूचना के चपेट में ला सकता है! हम कभी-कभार चाहते हैं कि ये बातचीत कुछ अलग तरीके से हो...

माँ, मेरे कंप्यूटर में कुछ गड़बड़ है। 'पोर्न' का क्या मतलब होता है?
हाय!
मैं यह सुनने से पहले मर क्यों नहीं गई?!
माँ, मेरे कंप्यूटर में कुछ गड़बड़ है। 'पोर्न' का क्या मतलब होता है?
अरे...हाँ, वे ऐसी तस्वीरें या विडियो होते हैं, जिनमें लोगों को एक दूसरे के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाते हुए दिखाया जाता है। वे पूरी तरह से काल्पनिक होते हैं! अच्छा है तुमने मुझसे इस बारे में पूछ लिया!
धन्यवाद माँ!
यह बहुत बढ़िया है कि मेरी माँ ने मुझे अच्छी जानकारी दी और मुझे डराया नहीं या मुझे बुरा महसूस नहीं होने दिया। उन्होंने अटपटा सवाल पूछने के बावजूद भी मुझे सहजता से समझाया!

सर, मुझे पता है कि यह हमारी पाठ्यपुस्तक में नहीं है, लेकिन क्या आप बता सकते हैं कि 'इंटरसेक्स' का क्या मतलब होता है?
वे.. हूँ .. द्विलिंग .. लेकिन यह तुम्हारे पाठ्यक्रम में नहीं है। तुम्हें इसके बारे में जानने की ज़रूरत नहीं है।
सर, मुझे पता है कि यह हमारी पाठ्यपुस्तक में नहीं है, लेकिन क्या आप बता सकते हैं कि 'इंटरसेक्स' का क्या मतलब होता है?
जिन लोगों के बाहरी या आंतरिक प्रजनन अंग, गुणसूत्र और/या हार्मोन 'आम' पुरुष या महिला सेक्स अंगों की परिभाषा से मेल नहीं खाते, उन्हें 'इंटरसेक्स' कहा जाता है।अफसोस की बात है कि उन्हें कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वे समाज में समान गौरव और सम्मान पाने के लिए संघर्षरत हैं!
सर ने मेरे जानकारी बढ़ाया है और मुझे बेहतर इंसान बनाने की कोशिश की है? वाह!

दीदी, क्या आप मुझे कंडोम के बारे में कुछ बता सकती हैं। अश्विन और मैं सोच रहे हैं कि...

आप समझ रही हैं न...

क्या!

ये अश्विन कौन है?

तुम बहुत अनजान और छोटी हो

मैं यह बात माँ को बताने जा रही हूं!

!!

...

?

दीदी, क्या आप मुझे कंडोम के बारे में कुछ बता सकती हैं। अश्विन और मैं सोच रहे हैं कि...

आप समझ रही हैं न...

हाँ ... ठीक है, तो...लोग गर्भधारण या यौन संचारित संक्रमणों की रोकथाम के लिए कंडोम का इस्तेमाल करते हैं। मुझे उम्मीद है की वह तुम्हारा सम्मान करता है, और तुम दोनो ने यह निर्णय सोच समझ कर लिया है।

हाँ!

और हाँ!

शुक्रिया, आप सबसे अच्छी दीदी हैं !


दोस्त, मेरे बड़े भाई से सुना है कि जब लड़कियों के पीरियड आते हैं, तो वे डायपर पहनती हैं, और लगातार चीखती- चिल्लाती रहती हैं, क्योंकि वे नाराज़ और चिड़चिड़ा होती हैं।
हां, मैंने अपने पिताजी को यह कहते हुए सुना है कि यह महिलाओं का काम से छुट्टियां लेने का एक बहाना है।
लगता है, इसे भी पीरियड आए हैं।
तुम दोनों बातें करना बंद करो!
दोस्त, मेरे बड़े भाई से सुना है कि जब लड़कियों के पीरियड आते हैं, तो वे डायपर पहनती हैं, और लगातार चीखती- चिल्लाती रहती हैं, क्योंकि वे नाराज़ और चिड़चिड़ा होती हैं।
मेरे माता-पिता ने मुझे बताया है कि जब लड़कियों के पीरियड आते हैं, तो गर्भाशय अपनी अंदरूनी सतह को योनि मार्ग से बाहर निकाल रहा होता है।
मेरी माँ ने यह भी बताया है कि कभी-कभार यह बहुत तकलीफदेह होता है और उन्हें चिड़चिड़ा बना सकता है। अगर हर महीने मेरे शरीर से भी खून बहता, तो मैं भी थोड़ा परेशान रहता!

इस तरह के सवालों से कैसे निपटा जाता है, वह युवाओं के दुनिया देखने के नज़रिए को निर्धारित करता है। इन चर्चाओं से बचने और इन सवालों के पूछने पर युवाओं को डाँटने से, इन विषयों के बारे में बात करना कठिन हो जाता है और यहाँ तक कि हम सभी में शर्म और आत्म संदेह की भावनाएँ उत्पन्न होती हैं ।

लेकिन, हमारी जिज्ञासाओं का सीधे व पूर्ण ढंग से सम्बोधित करके आप यौनिकता संबंधी चर्चा को सामान्य व स्वीकार्य बना सकते हैं, और हमें इन मुद्दों के बारे में गंभीर रूप से सोचने के लिए एवं इनके बारे में अपने साथियों के साथ चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। आप हमें जागरूक व्यक्ति बनने में मदद कर सकते हैं जो एक खुले समाज के निर्माण में योगदान कर सकता है।

विशय वस्तुः शैरिन डिसूज़ा
डिज़ाइनः कृत्तिका सुसरला

the yp foundation

द वाई पी फाउन्डेषन (TYPF) दिल्ली में स्थित युवा-नेतृत्व वाली, नारीवादी, और अधिकार आधारित एक गैर-सरकारी संस्था है। 2002 में स्थापित, TYPF जेंडर, यौनिकता, नेतृत्व, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मुद्दों पर युवाओं के साथ और उनके लिए काम करती है। TYPF का 'शरीर अपना, अधिकार अपने' कार्यक्रम दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में विविध पृश्ठभूमि वाले युवाओं के लिए व्यापक यौनिकता शिक्षा प्रदान करता है।

the David & Lucile Packard FOUNDATION

www.theypfoundation.org

fb.com/theypfoundation @theypfoundation